सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

कार्यालयीय–ज्ञाप

विश्वविद्यालय–परिसर में विदेशी भाषा डिप्लोमा प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर भाषा विज्ञान प्रमाण–पत्रीय एवं संगीत प्रमाण–पत्रीय प्रथम वर्ष में प्रवेश–सूचना शैक्षणिक वर्ष–2024–2025 (तिथि वृद्धि)

पूर्व निर्गत आदेश संख्या छा0क0सं0 1003/2024 दिनांक 01.09.2024 के क्रम शैक्षणिक सत्र 2024–25 के विश्वविद्यालय परिसर में भाषा विज्ञान के अर्न्तगत संचालित विदेशी भाषा डिप्लोमा प्रथम वर्ष रूसी, फ्रेन्च, जर्मन, तिब्बती, नेपाली, अंग्रेजी, **स्पेनिश** एवं स्नातकोत्तर भाषा विज्ञान प्रमाण–पत्रीय तथा साहित्य विभाग द्वारा संचालित संगीत प्रमाण–पत्रीय प्रथम वर्ष के छात्रों को आदेशानुसार प्रवेश हेतु तिथि वृद्धि की जाती है। छात्र आनलाइन पद्धति से पेमेण्ट गेटवे के द्वारा शुल्क जमा कर प्रवेशावेदनपत्र पूरित करने हेतु अभ्यर्थियों के लिए सभी आवश्यक निर्देश, प्रवेशावेदनपत्र विश्वविद्यालय की आनलाईन वेबसाइट **www.ssvvonline.in** के **"प्रवेश सत्र 2024–2025"** विकल्प पर उपलब्ध होंगे। अभ्यर्थी ऑनलाईन प्रवेशावेदनपत्र भरने से पूर्व दिशा–निर्देशों को भलीभाँति पढ़ ले तथा प्रवेश निदर्शिका में वर्णित नियमों के अनुसार विषय की प्रविष्टियों का चयन करें।

सभी पाठ्यक्रमों के प्रवेश की तिथि 22.09.2024 तक तिथि वृद्धि की जाती है।

प्रवेश के इच्छुक छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि निर्धारित तिथि तक प्रवेशावेदन पत्र पूरित कर ले।

नोट 1 – पंजीकरण शुल्क रू0 200/– प्रति छात्र देय होगा।
2 – काउन्सिलिंग की तिथि पृथक से घोषित की जायेगी।
3 – प्रवेशित छात्रों को एण्टी रैगिंग शपथ–पत्र भरना अनिवार्य है।

15-9-24

(प्रो0 हरिशंकर पाण्डेय)
छात्रकल्याणसंकायाध्यक्ष
सं0सं0वि0वि0,वाराणसी

छा0क0सं0सा0 – 1025/2024 दिनांक – 15.09.2024

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित –

1– कुलपति के सचिव, कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2– समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष भाषा विज्ञान विभाग/ विभागाध्यक्ष साहित्य विभाग ।
3– परीक्षा नियन्त्रक।
4– मुख्य प्रतिपालक/विनयाधिकारी।
5– प्रबन्धक निदेशक, यूपीडेस्को को इस आशय से कि निर्धारित कार्यक्रमानुसार व्यवस्था सम्पन्न कराने का कष्ट करें।
6– आशुलिपिक कुलसचिव/वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक।
7– संगणक केन्द्र को कार्यदायी संस्था तथा इण्डियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक) प्रवेशार्थियों में समन्वय स्थापित करते हुए संगणक केन्द्र द्वारा हेल्प डेस्क के रूप में समस्याओं के निवारणार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8– जनसम्पर्क अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करायें।
9– शाखा प्रबन्धक, इण्डियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक) सं.सं.वि.वि.,वाराणसी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यक्रमानुसार यथाप्रयुक्त पंजीकरण एवं अन्य शुल्क का ऑनलाईन पेमेण्ट सिस्ठम (पेमेण्ट गेटवे) के माध्यम से जमा करने की व्यवस्था करने का कष्ट करें।
10– सम्बद्ध पत्रावली / समस्त सूचना पट्ट।

15-9-24

(प्रो0 हरिशंकर पाण्डेय)
छात्रकल्याणसंकायाध्यक्ष
सं0सं0वि0वि0,वाराणसी